चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 19-4-2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...6-8...

# एचएयू के पांच विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

## तीन का नाबार्ड कंसल्टेंसी में एसोसिएट कंसलटेंट, दो का एक्सिस बैंक में आरएम के पद पर चयन

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमबीए अंतिम वर्ष के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें से तीन विद्यार्थियों का नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड में एसोसिएट कंसलटेंट जबकि दो विद्यार्थियों का एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हुआ है।

नाबार्ड कंसल्टेंसी में चुने गए विद्यार्थियों में ऊषा दुहन, शुभम शर्मा व शशिकांत जबकि एक्सिस बैंक में कार्तिक चौधरी व संजीव बरूआ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को 7 लाख रुपये और 3.5 लाख रुपये सालाना पैकेज मिला है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्लेसमेंट पाने वाले इन छात्रों को के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कृषि तेजी से व्यवसाय का रूप ले रही है। कृषि क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों के कारण पेशेवर प्रबंधकों की मांग बढ़ रही है। इस दौरान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, बिजनेस मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके गोयल और काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहनिदेशक डॉ. उमेंद्र सांगवान भी उपस्थित थे।



कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. केपी सिंह।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........

दिनांक 19.4.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 5-6


# कृषि विश्वविद्यालय के 5 छात्रों का कैम्पस प्लेसमैंट के तहत चयन



*कैम्पस प्लेसमैंट में चयनित विद्यार्थी कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के साथ।*

हिसार, 18 अप्रैल (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एम.बी.ए. (अंतिम वर्ष) के 5 विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमैंट हुआ है। इनमें से 3 विद्यार्थियों का नाबार्ड कन्सल्टैंसी प्राइवेट लिमिटिड में एसोसिएट कन्सलटैंट जबकि 2 विद्यार्थियों का एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हुआ है।

नाबार्ड कन्सल्टैंसी प्राइवेट लिमिटिड में चुने गए विद्यार्थियों में ऊषा दुहन, शुभम शर्मा व शशिकांत और एक्सिस बैंक के लिए चुने गए विद्यार्थियों में कार्तिक चौधरी व संजीव बरूआ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को क्रमश: 7 लाख रुपए और 3.5 लाख रुपए सालाना पैकेज मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने प्लेसमैंट पाने वाले इन छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कृषि तेजी से व्यवसाय का रूप ले रही है। कृषि क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों के कारण पेशेवर प्रबंधकों की मांग बढ़ रही है। इस स्थिति के दृष्टिगत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गुरुग्राम में इंस्टीच्यूट ऑफ बिजनैस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप की स्थापना की जा रही है ताकि अधिक संख्या में छात्र वहां शिक्षा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण......

दिनांक ..12.4.2019...... पृष्ठ सं. ......3, 17...... कॉलम ......2, 3, 4......

## एचएयू के पांच छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन


**हिसार**| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमबीए (अंतिम वर्ष) के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें से तीन विद्यार्थियों का नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड में एसोसिएट कंसलटेंट जबकि दो विद्यार्थियों का एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हुआ है। नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड में चुने गए विद्यार्थियों में शुभम शर्मा व शशीकान्त और एक्सिस बैंक के लिए चुने गए विद्यार्थियों में कार्तिक चौधरी व संजीव बरूआ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को क्रमशः 7 लाख रुपए और 3.5 लाख रुपए सालाना पैकेज मिला है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्लेसमेंट पाने वाले इन छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहनिदेशक डॉ. उमेन्द्र सांगवान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एचएयू के पांच छात्रों को मिली कैंपस प्लेसमेंट

**जासं, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमबीए (अंतिम वर्ष) के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट मिली है। इनमें से तीन विद्यार्थियों का नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड में एसोसिएट कंसलटेंट, जबकि दो विद्यार्थियों का एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हुआ है। नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड में चुने गए विद्यार्थियों में ऊषा दुहन, शुभम शर्मा व शशीकांत और एक्सिस बैंक के लिए चुने गए विद्यार्थियों में कार्तिक चौधरी व संजीव बरूआ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को क्रमशः 7 लाख रुपये और 3.5 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी।

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक हिसार........
दिनांक 18.4.2019 पृष्ठ सं. ....4...... कॉलम ....5-7......

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पांच छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट द्वारा हुआ चयन



हिसार : 18 अप्रैल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमबीए (अंतिम वर्ष) के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें से तीन विद्यार्थियों का नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटिड में एसोसिएट कंसलटेंट जबकि दो विद्यार्थियों का ऐक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैंनेजर के पद पर चयन हुआ है। नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटिड में चुने गए विद्यार्थियों में ऊषा दुहन, शुभम शर्मा व शशीकान्त और ऐक्सिस बैंक के लिए चुने गए विद्यार्थियों में कार्तिक चौधरी व संजीव बरूआ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को क्रमशः 7 लाख रूपए और 3.5 लाख रूपए सालाना पैकेज मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने प्लेसमेंट पाने वाले इन छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कृषि तेजी से व्यवसाय का रूप ले रही है। कृषि क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों के कारण पेशेवर प्रबंधकों की मांग बढ़ रही है। इस स्थिति के दृष्टिगत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गुरूग्राम में इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप की स्थापना की जा रही है ताकि अधिक संख्या में छात्र वहां शिक्षा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकें। इस संस्थान में बिजनेस मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, कोऑपरेटिव मैनेजमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर व डॉक्टरेट डिग्री (पीएचडी) आदि।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......निरंतर शौहरत टाइम्स......
दिनांक 18. 4. 2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-4....

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पांच छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट से चयन

हिसार, 18 अप्रैल (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमबीए (अंतिम वर्ष) के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें से तीन विद्यार्थियों का नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटिड में एसोसिएट कंसलटेंट जबकि दो विद्यार्थियों का ऐक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हुआ है।

## इन विद्यार्थियों को क्रमशः 7 लाख रुपए और 3.5 लाख रुपए सालाना पैकेज मिला



नाबार्ड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटिड में चुने गए विद्यार्थियों में ऊषा दुहन, शुभम शर्मा व शशीकान्त और ऐक्सिस बैंक के लिए चुने गए विद्यार्थियों में कार्तिक चौधरी व संजीव बरूआ शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को क्रमशः 7 लाख रुपए और 3.5 लाख रुपए सालाना पैकेज मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्लेसमेंट पाने वाले इन छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कृषि तेजी से व्यवसाय का रूप ले रही है। कृषि क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों के कारण पेशेवर प्रबंधकों की मांग बढ़ रही है। इस स्थिति के दृष्टिगत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गुरुग्राम में इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप की स्थापना की जा रही है ताकि अधिक संख्या में छात्र यहां शिक्षा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकें।

इस संस्थान में बिजनेस मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, कोऑपरेटिव मैनेजमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर व डॉक्टरेट डिग्री (पीएचडी) के कोर्स करवाए जाएंगे। इस संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं जैसे स्मार्ट क्लासरूम, सेमीनार हॉल, कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय, छात्रावास, खेल की सुविधाएं, अतिथि गृह, कैफीटेरिया, ऑडिटोरियम व प्लेसमेंट सेल बनाए जाएंगे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. के.एस. ग्रेवाल, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, बिजनेस मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके गोयल और काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सहनिदेशक डॉ. उमेन्द्र सांगवान भी उपस्थित थे। उन्होंने भी इन छात्रों को बधाई दी।